पेट्रोल खत्म होने की अफवाह, मची अफरा-तफरी

पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी-लंबी कतारें, प्रशासन ने संयम वरतने दी सलाह

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,25 मार्च. जिले सहित आसपास के सीमा क्षेत्रों में पेट्रोल खत्म होने की अफवाह से बुधवार को अफरा तफरी मच गई। अफवाह के बाद शहर भर के पेट्रोल पंपों पर लोगों को जमावड़ा लगने लगा। देखते ही देखते पंपों पर एक के बाद एक कतारें लगने लगी। लोग अपनी बाइक, ति-पहिया और चापहिया वाहन लेकर पेट्रोल भरवाने पंपों पर पहुंचने लगे।

पेट्रोल का करने लगे स्टॉक

अफवाह के चलते कुछ लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल जमा कर रहे हैं, जिससे कृत्रिम कमी की स्थिति बन सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें और केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल भरवाएं, ताकि सभी को सुचारु रूप से ईंधन मिल सके।

सबसे ज्यादा भीड़ चंदनगांव और उमरानाला क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर देखी गई। यहां हालात ऐसे बने कि गाड़ियों की लाइन पंप से निकलकर सड़क तक पहुंच गई। कई जगह लोगों को पेट्रोल भरवाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। इस मामले में छिंदवाड़ा पेट्रोल पंप संगठन के अध्यक्ष अनिल राठी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जिले भर में पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल स्टोर न करें। इस मामले में नागपुर में जॉब कर लौट रहे हेमंत कलकर्णी ने बताया कि नागपुर के कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं मिल रहा है। उन्होंने अपने दोस्तों से छिंदवाड़ा में फ्यूल मिलने की जानकारी ली। इसके बाद वह अपनी कार से छिंदवाड़ा पहुंचे।

कुएं में भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप

छिंदवाड़ा। कोतवाली थाना क्षेत्र के पाठाढाना क्षेत्र के एक कुएं में नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। खबर आग की तरह फैलते ही मौके पर लोगों का जमावड़ा लगने लगा। देखते ही देखते सैंकड़ों लोग एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद लोगों की मदद से नवजात का शव बाहर निकलवाया गया। पुलिस की माने तो नवजात का शव अनुमान के मुताबिक दो दिनों का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस पड़ताल कर रही है कि यह शव किसने फैंका होगा।

पैसे नहीं दिए तो युवक ने लगा ली फांसी

समूह लोन ओर बाइक की चल रही थी, कामकाज छोड़कर पी रहा था शराब

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,25 मार्च. देहात थाना क्षेत्र के सोमवाढाना के रहने वाले एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

बताया जा रहा है कि वह दो-दो किश्त नहीं पटा पा रहा था। इसलिए उसने यह कदम उठाया। मंगलेष पिता नारायण चौहान 28 साल सोमाढाना का रहने वाला है। वह शराब पीने का आदि था। उसने समूह लोन से 40 हजार लोन था और किष्त से बाइक उठाई थी। बुधवार को वह पत्नी मायके

छोड़कर आया। कामकाज नहीं कर रहा था। घरवालों से पैसे मांग रहा था।

घर वालों से पैसे देने इंकार कर दिया। दो दिन पूर्व उसने गुस्से में बाइक पर पत्थर पटक दिया। बुधवार को वह दिन में ही शराब पीकर आ गया। पैसों के लिए परिजनों को परेशान कर रहा था। रात में खाना खाकर ऊपर के कमरे में सोने चला गया। टीबी चालू कर कुछ देर उसने टीबी देखी। इसके बाद उसने रात में उठकर फांसी लगा ली। सुबह जब छोटा भाई उठकर ऊपर उसे उठाने पहुंचा। उसने दरवाजा खटखटाया, तो नहीं खुले। उसने खिड़की से दखा तो भाई को फंदे में लटका पाया गया। दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारा। पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते दिखा चोर

संजू ढावा के पीछे रहने वाले मकान में हुई थी चोरी, पुलिस जल्द करेगी खुलासा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,25 मार्च. संजू ढावा के पीछे मकान में चोरी का पुलिस ने जल्द खुलासा करने का दावा किया है। दरअसल पुलिस को सीसीटीबी फुटेज मिल गए है। जिसमें बकायदा एक युवक नकाबपोश पहने हुए ताला तोड़कर धर में दाखिल हुआ है। जिसके बाद उसने चोरी की वारदात का अंजाम दिया है।

पुलिस ने जल्द ही चोरी करने वाले आरोपी की शिनाख्त कर जल्द गिरफ्तार करेगी। गौरतलब है कि प्रार्थी नितिन सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी जॉब करती है। दोनों सुबह घरल में ताला डालकर जॉब करने चले गए थे। वह दोपहर 3.30 बजे करीब वह घर पहुंचे। घर का ताला टूटा हुआ देख दंग रह गए। घर के अंदर जाकर देखा तो आलमारी का सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे जेबर और नगदी गायब था। उन्होंने इस बात की सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर उक्त मामले की जांच की। इसक बाद पुलिस ने सीसीटीबी खंगाले। जिसमें एक युवक बकायदा चोरी करते हुए देखा गया है। जिसने नकाब पहना हुआ था। हालांकि पुलिस ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कहीं है।

रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां हुई तेज

छिन्दवाड़ा. जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस सेवादल के मार्गदर्शन में पश्चिम उप ब्लॉक कांग्रेस के वार्ड क्रमांक 45 की आवश्यक बैठक रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। दिनांक 27 मार्च को रामनवमी एवं 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई।जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले एवं पश्चिम उप ब्लॉक समन्वयक गणेश चौबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को दोनों ही आयोजन में आमंत्रित किया गया। आयोजित बैठक में तय किया गया कि वार्डवासी एकत्रित होकर परासिया रोड स्थित साईं मंदिर परिसर से रैली निकालेगी.

इलाज का झांसा : विवाहिता से बलात्कार करने वाला झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,25 मार्च. दमुआ थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ हुए बलात्कार के मामले में पुलिस ने एक आरोपी झोलाछाप डाक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में उसने घटना करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिरसाम के मुताबिक पीड़िता ने अपने साथ हुए बालातकार की शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना 1 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे की है। पीडिता ने स्वंय का इलाज करने के लिए घर पर बुलाया। झोलाछाप डॉक्टर अमित यदुवंशी पीडिता के घर पहुंचा। पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ जोर जबरदस्ती कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उसने पीड़िता को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के आवेदन पर जांच के बाद धारा 64 (1) 351 (3) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश पतासाजी कर आरोपी झोलाछाप डॉ अमित पिता कमल यदुवंशी निवासी हरियागढ़ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार, नकदी व ताश जब्त

छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव थाना क्षेत्र के अंबाडा चौकी अंतर्गत पुलिस ने जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने मौके से नगदी और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डब्ल्युसीएल वर्कशॉप के पास ऑटो स्टैंड पर कुछ लोग रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक संजय सोनवानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। इस दौरान 4 आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए। तलाशी के दौरान उनके पास से 220 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जल गंगा संबर्धन अभियान अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित

छिंदवाड़ा. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 05, एवं 07 में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दोनों वार्ड की नगर विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में म. प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, समाज सेवी विनोद तिवारी (जिला अध्यक्ष रोटरी क्लब), अलका शुक्ला, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मति आयशा लोधी, मति दीपनाथ, परामर्श दाता आशीष साहू, सहित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सदस्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु जल संरक्षण संगोष्ठी आयोजित हुई .

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 मार्च 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. पल्सर के सिंगल सीट वेरिएंट पर ई-कॉमर्स ऑफर N160 USD संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Chhindwara: SUNIL BAJAJ 222203. **7771003685, Chandangaon :7771003685.**

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589